>

Title: Need to provide stoppage of Howrah-Jaisalmer train No. 12371-12372 at Sadulpur junction in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां : हाल ही में 12 मार्च, 2012 को हावड़ा से जैसलमेर एक ट्रेन का संचालन हुआ है। यह हमारी वर्षों की मांग थी, जिसे सरकार ने मंजूर किया है. इसके लिए हम सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं। लेकिन हमें पीड़ा तब हुई जब उत्तर-पश्चिम रेलवे का सादुलपुर जंक्शन, जो मेरी गृह तहसील भी है, एक सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है, लेकिन उस स्टेशन पर गाड़ी का ठहराव नहीं हुआ। मैंने पहले इसके लिए मांग की थी, जेडआरयूसीसी की मीटिंग भी हुई थी, महाप्रबंधक ने इसका प्रस्ताव भेजा था। लोगों ने इसके लिए वहां ज्ञापन दिया, धरना दिया और जब ट्रेन आई तो लोग उसके आगे बैठ गये।

मेरा आपसे निवेदन है कि यह एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जोधपुर, हिसार, गंगानगर और बीकानेर के लिए ट्रेनें जाती हैं और ऐसे स्टेशन पर गाड़ी का ठहराव न करना हमारे साथ अन्याय है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, मेरी सरकार से मांग है कि सादुलपुर स्टेशन पर हावड़ा-जैसलमेर 12371/12372 नम्बर की गाड़ी का ठहराव किया जाए। धन्यवाद।

सभापति महोदय : श्री अर्जुन राम मेघवाल अपने आपको उपरोक्त विषय से सम्बद्ध करते हैं। अब श्री नारायण सिंह अमलाबे जी आप बोलिये। लेकिन आप अपने वक्तव्य में कोई एलिगेशन नहीं लगायेंगे।